राम जी के नाम ने तो पत्थर भी तारे

राम जी के नाम ने तो पाथर भी तारे
जो न जपे राम नाम वो हैं किस्मत के मारे
राम जी के नाम ने तो पाथर भी तारे

राम जी के नाम को शिवजी ने ध्याया
तुलसी ने राम जी से सरबस पाया
कविरा तो भजन कर कर भए मतवारे
राम जी के नाम ने तो पाथर भी तारे

राम नाम अमृत है राम नाम है चंदन
राम नाम देव जपे सांस करे बन्दन
महावीर राम नाम हृदय मे धारे
राम जी के नाम ने तो पाथर भी तारे

राम ही राम जपो राम नाम ही ध्यायो
राम नाम प्रेम की ज्योति घर-घर जगाओ
उसकी शरण में जाओ सुन लो तुम प्यारे
राम जी के नाम ने तो पाथर भी तारे
जो न जपे राम नाम वो हैं किस्मत के मारे

आचार्य मोहित बहुगुणा
सम्पर्क ~7310783925,
9760687487
पौड़ी गढ़वाल {उत्तराखंड}

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15766/title/ram-ji-ke-naam-ne-to-pathar-bhi-taare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |